प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर - 17 अक्टूबर 2026) का हुआ भव्य शुभारंभ

दिनांक 17.09.2026

"सेवा, समर्पण और संकल्प — मिलकर बनाएं विकसित भारत" के संदेश के साथ जन-सेवा एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

आज दिनांक 17.09.2026 को जनपद सीतापुर स्थित जी०आई०सी० (राजकीय इंटर कॉलेज) मैदान में 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेल एवं कारागार मंत्री श्री सुरेश राही, मा० विधायक सेउता श्री ज्ञान तिवारी, जिलाधिकारी सीतापुर महोदय डॉ0 राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

'सेवा, समर्पण और संकल्प' के मूल मंत्र पर आधारित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-कल्याण, पारदर्शी प्रशासन, त्वरित न्याय तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर "विकसित भारत" के सपने को साकार करना है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस प्रशासन आम जनमानस की सुरक्षा, सहायता और न्याय प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया कि इस एक माह तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों एवं पुलिस इकाइयों द्वारा नागरिक केंद्रित सुविधाओं, त्वरित जनसुनवाई और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाएगा।

"पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी रेखांकित किया कि अभियान की अवधि में जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष जन-चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं, बालिकाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। साथ ही, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव हेतु आमजन को साइबर सुरक्षा टिप्स प्रदान किए जाएंगे एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा आपातकालीन सेवा 112 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा।"

"कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह विश्वास जताया गया कि जन-भागीदारी और पुलिस-प्रशासन के आपसी विश्वास से जनपद सीतापुर को कानून व्यवस्था एवं जन-सेवा के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा।"





उत्तर प्रदेश पुलिस



उत्तर प्रदेश पुलिस




उत्तर प्रदेश पुलिस